एक नजर में

नवरात्रि पर बच्चों ने बिखेरा जलवा

पड़ाना 16 अक्टूबर, सं. पड़ाना-मऊ के दोनों घट स्थापना मंच स्कूली प्रतिभाओं के मंच बन गए. ग्राम मऊ में हिंदू उत्सव समिति के रामलीला मंच पर मां शारदा पब्लिक स्कूल पड़ाना के बच्चों ने 12 प्रस्तुतियां दीं. रिया यादव, कुमकुम सेन, बलराज गोस्वामी, पिहू यादव, अर्पित सेन, गौतम कुंभकार ने नवदुर्गा नृत्य, शिव तांडव, भगवा रंग और आर्मी सम्मान पर देशभक्ति गीतों से समा बांध दिया. वहीं पड़ाना के गांधी चौक टेंपो स्टैंड स्थित मां आशापुरी मित्र मंडल के मंच पर लोटस पब्लिक स्कूल मऊ के विद्यार्थियों ने 10 प्रस्तुतियां दीं.

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार रोडमल धनगर पिता जगन्नाथ, निवासी ग्राम भीलखेड़ी (तहसील पचौर, हाल मुकाम सुठालिया रोड, ब्यावरा, जिला राजगढ़ (म.प्र.) के द्वारा दी गई महिती/जानकारी अनुसार मांगीलाल धनगर पिता गंगाराम धनगर निवासी ग्राम बरग्या तहसील ब्यावरा जिला राजगढ़ (म. प्र.) को तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम भीलखेड़ी, तह. पचोर स्थित भूमि किता-04 रकबा 0.534 हे. को मांगीलाल धनगर द्वारा छलकपट धोकाधडी की विकय पत्र करा कर अन्य किसी व्यक्ति को चुप-चाप अवैधानिक रुप से उक्त भूमि को विकय अंतरण / हस्तांतरण करने को प्रयास किया जा रहा है. जिसका मागीलाल धनगर को कोई वैधानिक अधिकार प्राप्त नही है. उक्त भूमि बिना प्रतिफल (बिना पैसे दिए) के नाममात्र की रजिस्ट्री दिनांक-18/09/2019 को की गई है. अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि विक्रय अंतरण / हस्तांतरण किया जाता है. तो वह अवैध और शुन्य होगा जिसका उत्तर दायित्व क्रेता विक्रेता को होगा. दिनांक-15/10/2026

विनीत / निवेदक
होकम सिंह सौधिया एडव्होकेट

न्यायालय विनोद अहिरवार व्यवहार न्यायाधीश परिष्ठ खण्ड, जीरापुर जिला-राजगढ़ म.प्र.
उपस्थिति के लिए सूचना पत्र
MJC SUC/06/2026

1- मेवबाई झाया पति स्व. श्री मादूलाल उर्फ माधूलाल जाति बाल्मिक उम्र 71 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 10 हरिजन मोहल्ला वाल्मिकी बस्ती जीरापुर तहसील जीरापुर जिला राजगढ़ (ब्यावरा) विरूद्ध..... आवेदकगण सर्व साधारण आदि ....अनावेदकगण बनाम सर्वसाधारण आदि ... अनावेदक

आप सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त शीर्षक का एक प्रकरण आवेदिका मेवाबाई पति श्री माधूलाल जाति वाल्मिकी निवासी हरिजन मोहल्ली बाल्मिकी बस्ती जीरापुर तहसील जीरापुर जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र. ने इस न्यायालय के समकक्ष आवेदन पत्र धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत कर भारतीय उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जारी किये जाने की प्रार्थना की है. आवेदिका मेवाबाई की माता जानीबाई पति गोपीलाल निवासी जीरापुर की मृत्यू दिनांक 20-5-2022 को हो गई है.मृतक जानीबाई पति स्व. गोपीलाल झावा निवासी जीरापुर तहसील जीरापुर जिला राजगढ़ का भारतीय स्टेट बैंक शाखा जीरापुर में सेविंग बैंक खाता क्रमांक-53034637210 एवं IFSC कमांक SBIN0010807 है. जिसम मृतक जानीबाई के खाता में 1,60,815/- रूपये एक लाख साठ हजार आठ सो पन्द्रह रूपये का भुगतान किया जाना शेष है. आवेदिका मेवाबाई झावा पति श्री माधूलाल उर्फ माधूलाल वाल्मिकी निवासी वार्ड नं 10 हरिजन मोहल्ला वाल्मिकी बस्ती जीरापुर जिला राजगढ़ म.प्र. को मृतक जानीबाई का वैध वारीस बनाने में सर्वसाधारण को कोई आपत्ति हो तो नियत दिनांक 16-11-26 को स्वयं या अपने अभिभषाक के माध्यम से न्यायालय जीरापुर में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें. इस प्रकरण में उपरोक्तानुसार उपसजाति नहीं होने और इस प्रकार से अपना पक्ष नहीं रखे जाने की दशा में सर्व साधारण के विरुद्ध इस प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी और प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा.

यदि नियत दिनांक 16.11.2026 को किसी कारणवश न्यायालय को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण में आगामी कार्य दिवस में सुनवाई की जावेगी. यह सूचना पत्र आज दिनाक 06/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया.

विनोद अहिरवार सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड जीरापुर, जिला राजगढ़ म.प्र

गरबे के साथ मां की आराधना का समर्पण

राजगढ़. विशाल आकर्षक पाण्डाल में गरबा करते सैकड़ों लोग. महिलाओं में खासा उत्साह.

राजगढ़ 16 अक्टूबर, का. नजर बाग हनुमान समिति के तत्वाधान में तीन दिवसीय गरबा महोत्सव के तहत पहले दिन राजमहल परिसर झिलमिला उठा. समर्पण गरबा सीजन 3 को लेकर नजर बाग समिति तैयारियों में जुटी है. समिति के अध्यक्ष आशीष नागर, कार्यक्रम प्रभारी पंकज विजयवर्गीय के अनुसार दर्शकों के गरबा देखने की निशुल्क व्यवस्था है. आयोजन स्थल पर समिति सहित पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की जा रही है. रोजाना करीब 500 प्रतिभागियों द्वारा अलग अलग थीम पर आधारित गरबा नृत्य किया जा रहा है.

छापीहेड़ा में स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों ने गरबे में भाग लिया, पुरस्कार जीते

छापीहेड़ा 16 अक्टूबर, सं. शासकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय गरबा महोत्सव में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों, गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया. प्राचार्य डॉ. लवीना निनामा के निर्देशन में प्रथम दिवस लक्ष्मीनारायण, शेखर सवासिया, सुनील सोमानी, राजेश टांक नपं उपाध्यक्ष, प्रेम सिंह दांगी, गोविंद कारपेंटर, रामचंद्र नगर, राजेंद्र शर्मा, घनश्याम नागर, बालचंद दांगी, दीपक दांगी ने शुभारंभ किया. दूसरे दिन पुरस्कार वितरण में प्रथम पुरस्कार 5100 रूपये कन्या उ.मा.वि की बालिकाओं, द्वितीय पुरस्कार 2100 प्रखर कॉन्वेंट स्कूल तथा तृतीय पुरस्कार जय हिंद एकेडमी ने प्राप्त किया. आयोजनमें बालचंद दांगी वरिष्ठ समाजसेवी, दीपक दांगी, मोहन सोनी एवं गिरिराज जायसवाल, जनभागीदारी अध्यक्ष सुश्री मंशाली टांक, अध्यापिका पूजा सेठिया का भी सहयोग रहा. इस दौरान अर्पित सेठिया, पंकज जामलिया, डॉ बाबूलाल अहिरवार, लक्ष्मण गौंड दूसरे दिन श्री रणजीत सिंह चंद्रावत, हेमराज दांगी, लोकेन्द्र मालवीय, रामस्वरूप दांगी, लखन सिंह दांगी, अनूप शर्मा द्वारा संचालन व प्रबंधन किया गया.

ऑडिट तक सिमट कर रह गई सेफ्टी

भोपाल बायपास के घुमावदार ब्रिज और करनवास के 1 किमी ब्लैक स्पॉट जस के तस

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 16 अक्टूबर, का. ब्यावरा शहर से इंदौर की ओर जाने वाले एनएच-52 पर पचोर से ब्यावरा के बीच दो स्थानों पर ब्लैक स्पॉट बन चुके है. वहीं सारंगपुर के समीप धनोरा की पुलिया आज भी भय और मौतों का कारण बनीं हुई है. बीते 28 अगस्त को सुबह ब्यावरा के घुमावदार ब्रिज पर भयंकर हादसे के बाद सेफ्टी ऑडिट की बातें होने लगी. कुछ गतिविधि जनआक्रोश दबाने के लिए की गई लेकिन इसके बाद पूरे मामले को हर बार की तरह ठण्डे बस्ते में डाल दिया गया.

भोपाल बायपास पर फ्लाई ओवर पर हुए वीडियोकोच बस हादसे से शहर में लोगों में गुस्सा आया वहीं पुलिस-प्रशासन भी इसको लेकर काफी चिंतित हुआ. प्रशासन ने अपने स्तर पर विशेषज्ञों की टीम ने सेफ्टी आडिट कराने का फैसला किया. इसके अलावा करनवास हाईवे पर दोनों ओर 1 किमी तक किसी प्रकार के सुरक्षा इंतेजाम अब तक नही किए जा सके है.



वो हादसा जिसके बारे सोचकर कांप जाते है..!

भोपाल बॉयपास चौराहे का ओवर ब्रिज हत्यारा बन गया है. इस ब्रिज के त्रुटिपूर्ण बनावट के कारण दर्जनभर से अधिक यात्री अब तक मारे जा चुके है. 28 अगस्त शुक्रवार सुबह पांच-छ: बजे के लगभग कानपुर से इंदौर जा रही निजी ट्रवल्स की बस में सवार चार यात्रियों की मौत हो गया. प्रात: बस चालक ने ब्रिज के ऊपर जैसे ही बस को आगे बड़ाई तो बस चालक घुमावदार मोड़ का अंदाजा नहीं लगा पाया और वह अपना संतुलन खो बैठा. अचानक मोड़ने पर बस पलटने जैसी स्थिति में आ गई और वह पुल की रैलिंग पर जा टिकी. इसी रैलिंग पर बस करीब 300 मीटर तक घिसटाती हुई चलती रही. इस बीच जो यात्री बस के ऊपरी स्लीपर सीट पर सो रहे थे वे नीचे आ गिरे. करीब 40 फुट नीचे सड़क पर गिरने से बस चालक सहित चार यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई. 11 यात्री घायल हुए हैं. इनमें 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है. इनमें कर्नाटक पुलिस के इंस्पेक्टर की भी मौत हो गई.

एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर देवांश नोवेल का कहना है कि पुल 60 किमी प्रतिघंटा के रेड्यूस को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है. हालांकि कहां बार-बार हादसे हो रहे थे इसलिए हमने वहां पर स्पीड लिमिट 35 किमी प्रतिघंटा निर्धारित कर दी है. इसके साइन बोर्ड भी लगाए गए हैं. जो बस हादसे का शिकार हुई, मुझे पता चला है कि वह 100 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से भी इस हादसे के बाद हमने एक्सपर्ट की टीम से बीते समय सेफ्टी आडिट भी कराया है.

कैमरों का प्रस्ताव अब तक अधर में

यातायात पुलिस इस फ्लाई ओवर पर ओवर स्पीड वाहनों को ट्रैप कराने के लिए विशेष कैमरे लगाने का प्रस्ताव पीएचक्यू भेजेगा. उधर एनएचएआई के लिए भी हाल में हुई घटना परेशानी का कारण बन गई है. इसके बाद विशेषज्ञों से सेफ्टी अडिट कराने के लिए टीम भेजी गई. यातायात निरीक्षक देवनारायण पडि के मुताबिक फ्लाई ओवर सहित हम सारंगपुर और भोपाल वाले मार्ग पर ओवर स्पीड वाहनों पर चालानी कार्रवाई करने के प्रस्ताव बनाकर भेजेंगे. जिससे रफ्तार पर अंकुश लगाकर हादसों को रोका जा सके.हालांकि यातायात पुलिस ने चालानी कार्यवाही बीते दिनों की है.

माई तेरी चुनरिया लहराई...!

मां चामुंडेश्वरी को अर्पित की गई 51 मीटर चुनरी

सुठालिया 16 अक्टूबर, सं. माँ चामुंडेश्वरी मैया के प्रति अटूट श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा सुठालिया से ग्राम मऊ तक निकली विशाल चुनरी यात्रा में देखने को मिला. सुठालिया के हरिहर मंदिर के समीप से ग्राम मऊ स्थित माँ चामुंडेश्वरी मैया के दरबार तक लगभग 5 किलोमीटर लंबी पैदल चुनरी यात्रा निकाली गई. यात्रा में करीब 200 महिलाओं ने भाग लिया. यात्रा ग्राम मऊ स्थित माँ चामुंडेश्वरी मैया के दरबार में पहुंची, जहाँ भक्तिभाव के साथ माँ को 51 मीटर लंबी चुनरी अर्पित की गई.

श्रद्धा और भक्ति के साथ निकाली नौवीं विशाल चुनरी यात्रा, मां बिजासन को चढ़ाई चुनर

जीरापुर 16 अक्टूबर, सं. महाकाल राजा ग्रुप के तत्वाधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नौवीं विशाल चुनरी यात्रा श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ निकाली गई. चुनर यात्रा चामुंडा माता मंदिर में आरती के बाद प्रमुख मार्गों से होते हुए माता बिजासन मंदिर पहुंची. चुनरी यात्रा नगर के प्रमुख मार्ग विवेकानंद चौराहा, इंदर चौराहा, बुधवारिया बाजार, हनुमान मंदिर, चोपड़ा बाजार एवं रामलीला चौक से होकर बिजासन माता मंदिर पहुंची. यात्रा में श्रद्धालु माता रानी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे. नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया. यात्रा के समापन पर कुंभकार मोहल्ले में स्थित मां बिजासन मंदिर में माता रानी की महाआरती की गई. इसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया.

35 किलोमीटर पैदल चलकर मां बिजासन चढ़ाई चुनरी

छापीहेड़ा 16 अक्टूबर, सं. नवरात्रि के दौरान 19 वीं भव्यचुनर यात्रा का आयोजन किया गया. चुनर यात्रा की शुरुआत गुरुवार की सुबह 9 बजे जीरापुर रोड स्थित मां दुर्गा मंदिर पर पूजा अर्चना करने के पश्चात शुरू हुई, जो नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए बस स्टैंड पहुंची. चुनर यात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया. इस चुनर यात्रा में साध्वी श्री हर्ष नंदा गिरी जी और भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम क्षेत्रीय, विधायक हजारीलाल दांगी शामिल हुए. चुनर यात्रा में विभिन्न चलित झांकियां भोलेनाथ, मां गोरा, काली मैया, भूत पिशाच, गोरिला आदि आकर्षण का केंद्र रही. चुनर यात्रा में अखाड़े की बच्चियों ने हैरत अंगेज करतब दिखाये, डमरू झांझ और ढोल पर युवाओं आकर्षक नृत्य किया.

मां बीजासन को चढ़ाई 101 मीटर की चुनरी

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 16 अक्टूबर, सं. शुक्रवार को प्राचीन शीतला माता मंदिर एवं अम्बे माता मंदिर से माँ भैंसवा बिजासन धाम तक निकली भव्य चुनरी यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की. करीब 21 किलोमीटर की पदयात्रा पूरी कर भक्तों ने माँ भैंसवा बिजासन के चरणों में 101 मीटर लंबी चुनरी अर्पित की. जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया. आमगढ़ा, डिगवाड़ और पाड़ल्या माता सहित विभिन्न ग्रामों में ग्रामीणों एवं नगरवासियों ने श्रद्धालुओं का अभिनंदन कर अपनी धार्मिक आस्था व्यक्त की. चुनरी में राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने सहभागिता की. इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे. हिन्दू उत्सव समिति, महादेव मित्र मंडल तथा बालवीर हनुमान सुंदरकांड समिति सहित अनेक संगठनों ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई.

जीरापुर में नवरात्रि महोत्सव की धूम

नवभारत न्यूज

जीरापुर 16 अक्टूबर, सं. नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में भी नवरात्रि महोत्सव को लेकर दर्शनार्थियों का तांता लगा हुआ है. नगर में गरबा डांडिया नृत्य सहित मां दुर्गा की घट स्थापना लगभग 40 से अधिक स्थानों पर की गई है. बुधवारिया बाजार में मां अंबिका गरबा समिति से नवरात्र पर्व का उत्सव गरबा डांडिया नृत्य के रूप में शुरू हुआ जो अपनी विशेष पहचान बनाए हुए है. गांधी बस्ती स्थित मां मनसा देवी गरबा समिति में विधायक हजारीलाल दांगी, समाज सेवी दिनेश जमींदार, राधेश्याम पुरविया, डा बीएल गुर्जर, राजेश राठौर, योगेश भावसार, जगदीश वर्मा सहित जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों ने मां दुर्गा की महाआरती की. बस स्टैंड, आवास कॉलोनी, अटल चौक, बुधवारिया बाजार, किशनगढ़ मोहल्ला, माचलपुर नाका हर जगह गरबे की गूंज है. गरबा देखने नगर ही नहीं, आसपास के गांवों से हजारों की भीड़ उमड़ रही है. पुलिस टीम के साथ थाना प्रभारी हुकुमसिंह मीणा व बल लगातार गश्त कर रहे हैं. गरबा पांडालों से लेकर रामलीला मैदान तक सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद है.

जीरापुर में मां शीतला को अर्पित की भव्य चुनरी

जीरापुर 16 अक्टूबर, सं. नवरात्रि के पावन अवसर पर महिला मंडल एवं शीतला माता मंदिर समिति द्वारा दूसरे वर्ष चुनरी यात्रा निकाली गई. चुनर यात्रा का शुभारंभ विधायक हजारीलाल दांगी एवं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने कुशवाह मोहल्ला स्थित माँ हिंगलाज मंदिर में पूजा-अर्चना कर शुभारम्भ किया. पूजा अर्चना कर चुनरी यात्रा माँ हिंगलाज मंदिर से प्रारंभ हुई जो माता शीतला मंदिर पहुंची. नगर मे स्थित माता शीतला मंदिर पर विधि-विधान से माता रानी को चुनरी अर्पित की गई. इसके बाद महाआरती हुई तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया. धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर माता रानी से सुख-समृद्धि एवं नगर की खुशहाली की कामना की.

प्रतिस्पर्धा अंजनीलाल मंदिर धाम पर गायन प्रतियोगिता में उत्साह से बच्चों ने लिया भाग

नन्हें बच्चों की प्रस्तुति से बड़े अचंभित, लय-ताल से मन मोहा

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 15 अक्टूबर, का. श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट द्वारा नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर आयोजित बच्चो की गीत-गायन प्रतियोगिता में नन्हें बच्चो की प्रतिभा देख सभी हतप्रभ रह गये. मंच से जब महज पांच, छ: वर्षीय बालक-बालिकाओं ने सुमधुर भजन सुनाया तो बड़े भी अचंभित हुए बिना नहीं रहे.

श्री अंजनीलाल धाम पर ट्रस्ट परिवार द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न शासकीय-अशासकीय विद्यालयों के करीब 50 से अधिक बच्चों ने बुधवार रात तक अपनी प्रस्तुति दी. कई

बच्चों ने गायन के साथ खुद वाद्य यंत्र बजाकर दोहरी प्रतिभा का परिचय दिया. नन्हें बच्चों का स्टेज पर आकर पूरे आत्मविश्वास के साथ मधुर आवाज और लय-ताल का सामंजस्य स्थापित करते हुए अपनी प्रस्तुति देना अद्भुत था.

प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी आकर्षित हुए बिना नहीं रह सके.

प्रारंभ में गीत संगीत के जानकार पं. सुदर्शन जी, गायक कलाकार सपना शिवहरे और राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने अतिथि एवं जज के रूप में मंचासीन होकर मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्जवलित किया. सभी अतिथियों ने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि आज के दौर में बच्चों का गीत-गायन और संगीत में जो प्रतिभा देखने को मिल रही है वह अद्भुत है. उन्होंने सभी बच्चों और उनके पालकों से आग्रह किया कि अगर बच्चों में संगीत, गायन की रूचि है तो उन्हें आगे बढ़ने का अवसर जरूर दे. सभी ने बच्चों को गायन के टिप्स भी दिये. अतिथियों ने पालकों से कहा कि अगर समय पर बच्चों को माहौल देंगे तो बच्चें आगे बढ़ सकते है. अतिथियों ने मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा बच्चों को मंच देने के प्रयासों की सराहना की. कार्यक्रम में संगीत शिक्षक विवेक सिंह खींची, आदित्य उपाध्याय सहित सभी अतिथियों का एवं नन्हें छात्र आर्यन शर्मा को मंदिर ट्रस्ट परिवार ने स्वागत किया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम जनमानस और प्रतिभागियों के पालक आदि मौजूद थे. मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा चयनित प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार विजयादशमी पर्व पर सायांकाल सात बजे प्रदान किया जायेगा.

मां काली की अद्भुत झांकी सजायी

करनवास 16 अक्टूबर, सं. नवरात्र में इस बार मां कालका समिति द्वारा बहुत ही सुंदर मां का रूप सजाया गया. जिसे देखकर भक्ति मोहित हो रहे हैं. इस बार कालिका 11 फीट की मूर्ति बनाई गई गांव में चांदनी चौक, रामलीला चौक, खेड़ापति चौक, ढिकोलिया मोहल्ला आदि जगह मां का पंडाल लगाया गया है. भक्तों द्वारा मां की सेवा पूजा की जा रही है.